वैक्सीन की जानकारी का विवरण

# इन्फ्लुएंज़ा (फ्लू) वैक्सीन (निष्क्रिय या पुनर्योगज): *आपके लिए आवश्यक जानकारी*

कई वैक्सीन जानकारी विवरण स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। http://www.immunize.org/vis देखें

Hojas de información sobre vacunas están disponibles en español y en muchos otros idiomas. Visite http://www.immunize.org/vis

## 1. वैक्सीन क्यों लगवाएँ?

**इन्फ्लुएंज़ा वैक्सीन, इन्फ्लूएंज़ा (फ्लू) की रोकथाम कर सकता है।**

**फ्लू** एक ऐसी छूत की बीमारी है जो हर साल संयुक्त राज्य अमेरिका में फैलती है, आमतौर पर अक्टूबर और मई के बीच। फ्लू किसी को भी हो सकता है, पर यह कुछ लोगों के लिए अधिक खतरनाक है। शिशु और छोटे बच्चे, 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग, गर्भवती लोग, और कुछ स्वास्थ्य स्थितियों या कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को फ्लू की जटिलताओं का सबसे बड़ा खतरा है।

निमोनिया, ब्रोंकाइटिस, साइनस में संक्रमण, और कान में संक्रमण फ्लू से संबंधित जटिलताओं के उदाहरण हैं। यदि आपकी कोई चिकित्सीय समस्या है, जैसे हृदय रोग, कैंसर, या मधुमेह, तो फ्लू इसे अधिक बदतर कर सकता है।

फ्लू के कारण बुखार और ठंड लगना, गले में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकान, खांसी, सिरदर्द और नाक बह या बंद हो सकती है। कुछ लोगों को उल्टी और दस्त हो सकते हैं, हालांकि यह वयस्कों की तुलना में बच्चों में अधिक आम है।

एक औसत वर्ष में, **संयुक्त राज्य अमेरिका में हजारों लोगों की फ्लू से मौत हो जाती है,** और इससे कहीं अधिक अस्पताल में भर्ती होते हैं। फ्लू वैक्सीन हर साल लाखों बीमारियां होने और फ्लू से संबंधित डॉक्टरी मुलाकातों से बचाता है।

## 2. इन्फ्लुएंज़ा के वैक्सीन

फ्लू के हर मौसम में CDC 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वैक्सीन लगवाने की सिफारिश करता है। **6 महीने से 8 साल की उम्र के बच्चों** को फ्लू के एक मौसम में 2 खुराकों की आवश्यकता हो सकती है। फ्लू के हर मौसम में **सभी अन्य लोगों को** केवल 1 खुराक की आवश्यकता होती है।

टीकाकरण के बाद सुरक्षा विकसित होने में लगभग 2 सप्ताह लगते हैं।

लू के अनेक वायरस हैं, और वे हमेशा बदलते रहते हैं। हर वर्ष  एक नया फ्लू वैक्सीन बनाया जाता है, उन इन्फ्लुएंज़ा वायरस से बचाव के लिए जिनसे आने वाले फ्लू के मौसम में बीमारी होने की संभावना मानी जाती है।

चाहे जब यह वैक्सीन इन वायरस से बिल्कुल मेल नहीं खाता है, तब भी यह कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

इन्फ्लुएंज़ा वैक्सीन **से फ्लू नहीं होता है।**

इन्फ्लुएंज़ा वैक्सीन को अन्य टीकों के साथ लगाया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएँ कि क्या वैक्सीन प्राप्त कर रहे व्यक्ति को:

- **इन्फ्लूएंज़ा के वैक्सीन की पिछली खुराक के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया** हुई है, या उन्हें कोई **गंभीर, जानलेवा एलर्जी** हैं
- कभी **गुऐन-बारे सिंड्रोम** (जिसे "जीबीएस" भी कहा जाता है) हुआ है

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इन्फ्लूएंज़ा टीकाकरण को भविष्य की मुलाकात तक स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

इन्फ्लुएंज़ा का वैक्सीन गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगाया जा सकता है। जो लोग इन्फ्लूएंज़ा के मौसम में गर्भवती हैं या होने वाली हैं, उन्हें निष्क्रिय इन्फ्लूएंज़ा वैक्सीन प्राप्त करना चाहिए।

मामूली बीमारियों, जैसे कि सर्दी, वाले लोग वैक्सीन लगवा सकते हैं। मध्यम या गंभीर रूप से बीमार लोगों को आमतौर पर इन्फ्लूएंज़ा वैक्सीन लगवाने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. वैक्सीन के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- इन्फ्लूएंज़ा टीकाकरण के बाद दर्द, लालिमा, और टीका लगाए जाने के स्थान पर सूजन, बुखार, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द हो सकता है।
- निष्क्रिय इन्फ्लूएंज़ा वैक्सीन (फ्लू शॉट) के बाद गुऐन-बारे सिंड्रोम (जीबीएस) का जोखिम थोड़ा सा बढ़ सकता है।

जिन छोटे बच्चों को एक ही समय में न्यूमोकोकल वैक्सीन (पीसीवी13) और/या डीटीएपी वैक्सीन के साथ फ्लू का टीका लगाया जाता है, उनमें बुखार के कारण दौरे पड़ने की संभावना थोड़ी बढ़ सकती है। अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ कि क्या फ्लू वैक्सीन प्राप्त करने वाले बच्चे को कभी दौरा पड़ा है।

कभी-कभी, टीकाकरण सहित चिकित्सा प्रक्रियाओं के बाद लोग बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर आ रहा हो या दृष्टि में बदलाव हो या कान बज रहे हों, तो अपने प्रदाता को बताएँ।

किसी भी दवा की तरह, किसी वैक्सीन से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर हानि, या मृत्यु होने की एक बहुत ही कम संभावना होती है।



U.S. Department of Health and Human Services
(यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेस)
Centers for Disease Control and Prevention
(रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र)

## 5. क्या होगा यदि कोई गंभीर समस्या है?

वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्ति को क्लिनिक से जाने के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है। यदि आप किसी गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के लक्षण देखते हैं (पित्ती, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज़ दिल की धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी), तो **9-1-1** पर कॉल करें और व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाएँ।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं की सूचना वैक्सीन प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग सिस्टम (VAERS) को दी जानी चाहिए। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आमतौर पर यह रिपोर्ट दर्ज करेगा, या फिर आप ऐसा स्वयं कर सकते हैं। VAERS वेबसाइट पर **http://www.vaers.hhs.gov** पर जाएँ या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS* केवल प्रतिक्रियाओं की सूचना देने के लिए है, और *VAERS* स्टाफ सदस्य चिकित्सा सलाह नहीं देते हैं।

## 6. राष्ट्रीय वैक्सीन क्षति क्षतिपूर्ति कार्यक्रम

राष्ट्रीय वैक्सीन क्षति क्षतिपूर्ति कार्यक्रम (VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो कुछ वैक्सीनों से क्षतिग्रस्त हुए लोगों को क्षतिपूर्ति करने के लिए बनाया गया था। टीकाकरण के कारण कथित क्षति या मृत्यु के दावों को दर्ज करने की समय सीमा होती है, जो कि दो वर्ष जितनी कम हो सकती है। कार्यक्रम के बारे में और दावा दायर करने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **http://www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएँ या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त करूं?

- अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- वैक्सीन पैकेज इंसर्ट और अतिरिक्त जानकारी के लिए फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) की वेबसाइट **http://www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- Centers for Disease Control and Prevention (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) (CDC):
  **-1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  -CDC की वेबसाइट **http://www.cdc.gov/flu** पर जाएँ।